अन्तःस्रावी ग्रंथियों का प्रभाव

(Influence of Endocrine Glands)

जैसे वृक्ष का आधार उसकी जड़े एवं मकान का आधार उसकी नींव होती है, ठीक उसी प्रकार शरीर के सफल संचालन में हमारी अन्तःस्रावी ग्रंथियों का योगदान होता है। जड़ एवं नींव बाह्य रूप से न दिखने के बावजूद वृक्ष के विकास एवं मकान की सुरक्षा हेतु आवश्यक होती है, ठीक उसी प्रकार प्रत्यक्ष रूप से न दिखने के बावजूद हमारे शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक गतिविधियों के संचालन में ग्रंथियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है।

Dr. C.M. Chordia
Consultant for Various Effective Drugless Self Curing Therapies for Treatment of Chronic & Acute Diseases

हमारे स्वभाव, प्रवृत्तियों, क्रियाओं एवं प्रतिक्रियाओं का संचालन और नियन्त्रण कौन करता है ? हमारे शरीर का नियन्त्रित व समयबद्ध विकास क्यों और कैसे होता हैं ?निश्चित अवधि के पश्चात अंगों के विकास एवं वृद्धि में क्यों स्थिरता आ जाती हैं ?कुछ व्यक्ति क्रोधी, क्रूर, हिंसक, अशान्त, चिड़चिड़े, हताश, भयभीत, असंवेदनशील, निराशावादी होते हैं तो बहुत से व्यक्ति स्वभाव से शान्त, प्रसन्न, हंसमुख, आशावादी, संवेदनशील, करूणाशील, निडर, निर्भय, आत्म विश्वासी क्यों होते हैं ?एक ही अध्यापक से शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों में कोई मन्दबुद्धि वाला तो कोई प्रखर पंडित, विद्वान् ज्ञानी कैसे बन जाते हैं ? एक ही परिस्थिति में कार्य करने वाले सभी व्यक्तियों में नेतृत्व की क्षमता एक सी क्यों नहीं होती है ?कोई साधारण खुराक खाने के बावजूद भी मोटा एवं तगड़ा होता हैं तो बहुत से व्यक्ति खाने-पीने में पूर्ण विवेक रखने तथा अच्छी खुराक लेने के बावजूद अपेक्षाकृत दुबले पतले ही क्यों रह जाते हैं ?कभी-कभी कुछ व्यक्ति बहुत बोने तो चन्द व्यक्ति अध्याधिक लम्बे क्यों हो जाते हैं ?ऐसे सैकड़ों प्रश्नों का समाधान ग्रंथियों की कार्य प्रणाली एवं नियन्त्रण की क्षमता को जानने से हो जाता है। ग्रंथियों के बराबर कार्य न करने से 75 प्रतिशत से 90 प्रतिशत रोगों के पनपने की सम्भावना रहती हैं। ग्रन्थियों को सुव्यवस्थित व संतुलित किये बिना लाख प्रयास करने के बावजूद हम पूर्णतया शरीर के रोगो से मुक्त नहीं हो सकते।

- डॉ. चंचलमल चोरडिया

चोरडिया भवन, जालोरी गेट के बाहर,
थार हैण्डलुम के सामने, गोल बिल्ड़िग रोड़, जोधपुर-342003 (राज.)
(फोन) : 0291-2621454,2632267(घर), 2435471
(फैक्स),094141-34606(मोबाइल)

E-Mail : cmchordia.jodhpur@gmail.com
swachikitsa@therapist.net